H.S.E. (I)
June 2008

Reg. No. ..........................................

Name ..........................................



## Part - II

## HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool off time : 15 Minutes

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'Cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2½ hrs.
- You are not allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool off time'.
- Use the 'cool off time' to get familiar with questions and plan your answers.
- Read questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
  When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.

**നിർദ്ദേശങ്ങൾ:**

- നിർദ്ദിഷ്ട സമയത്തിന് പുറമെ 15 മിനിറ്റ് 'കൂൾ ഓഫ് ടൈം ' ഉണ്ടായിരിക്കും. ഈ സമയത്ത് ചോദ്യങ്ങൾക്ക് ഉത്തരം എഴുതാനോ, മറ്റുള്ളവരുമായി ആശയ വിനിമയം നടത്താനോ പാടില്ല.
- ഉത്തരങ്ങൾ എഴുതുന്നതിന് മുമ്പ് ചോദ്യങ്ങൾ ശ്രദ്ധാപൂർവ്വം വായിക്കണം.
- എല്ലാ ചോദ്യങ്ങൾക്കും ഉത്തരം എഴുതണം.
- ഒരു ചോദ്യനമ്പർ ഉത്തരമെഴുതാൻ തെരഞ്ഞെടുത്തു കഴിഞ്ഞാൽ ഉപചോദ്യങ്ങളും അതേ ചോദ്യ നമ്പരിൽ നിന്ന് തന്നെ തെരഞ്ഞെടുക്കേണ്ടതാണ്.

**सूचना :** नीचे दिए कवितांश पढ़िए और अनुबद्ध कार्य कीजिए ।

विजन-वन-वल्लरी पर
सोती थी सुहाग भरी
स्नेह-स्वप्न-मग्न-अमल-कोमल-तनु-तरुणी
जुही की कली
दृग बन्द किये शिथिल पत्रांक में
वासंती निशा थी;
विरह-विधुर प्रिया-संग छोड़
किसी दूर देश में था पवन
जिसे कहते हैं मलयानिल ।

1. प्रस्तुत कवितांश किस कविता से लिया गया है ? इसके कवि कौन है ? **(2)**
2. जुही की कली की मानवीय चेष्टाओं का वर्णन कीजिए । **(4)**
3. कवितांश से चार समस्त पदों को चुनकर लिखिए । **(4)**
   जैसे प्रिया - संग

**सूचना :** यह गद्यांश पढ़िए और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

उस दिन बालकरन की नींद बहुत जल्दी खुल गई । वह खुश था । पास सोई माताजी से बोला, "माताजी उठो न? भूल गई, आज मेरा जन्मदिन है?" मुस्कुराते हुए उसकी माताजी उठ बैठी। बालकरन का माथा चूमते हुए बोली, "जुग जुग जियो मेरे लाल।" बालकरन ने जल्दी-जल्दी नहा-धोकर नये कपड़े पहने । यह बालकरन का बारहवाँ जन्मदिन था ।

**4.** नींद खुलने पर बालकरन ने क्या-क्या किया ? **(2)**

**5.** अपने जन्मदिन की तैयारियों के बारे में बालकरन और माँ के बीच की बातचीत तैयार कीजिए । **(5)**

**6.** आज बालकरन का बारहवाँ जन्म दिन था । बालकरन के आज की डायरी लिखिए । **(5)**

**सूचना :** यह दोहा पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

सीस मुकुट कटि काछनि, कर मुरली उर माल ।
यह बानक मो मन बसौ, सदा बिहारी लाल ॥

**7.** रेखांकित शब्दों के लिए समान अर्थवाले खड़ी बोली के शब्द लिखिए । **(2)**

**8.** यह दोहा किस कवि ने लिखा है ? इसका भाव समझाइए । **(4)**

**सूचना :** प्रश्नसंख्या **9, 10** और **11** में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(2 x 6 = 12)**

यह बातचीत पढ़िए ।

अध्यापक : गृहकार्य किया ?
रमेश : नहीं, मैं लिख नहीं सका ।
अध्यापक : क्यों ? बाकी सभी विद्यार्थी लिख चुके ।
सिर्फ़ तुम्हें क्या हुआ ?
रमेश : मुझे सिरदर्द था, मास्टरजी ।
अध्यापक : ठीक है, बैठो । कल लिखकर मेज पर रखना ।
रमेश : हाँ, धन्यवाद, मास्टरजी ।

9. इस बातचीत के अंश के लिए उचित रंग सज्जा तैयार कीजिए ।

10. जवाहर प्रकाशन रामायण की सचित्र प्रति निकाल रहा है । प्रकाशन की ओर से एक उचित विज्ञापन तैयार कीजिए ।

11. **सूचना :** नीचे दिये अंग्रेजी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।

**Bangalore is really a beautiful city. There are broad roads, beautiful houses and many big gardens. It is called the 'city of flowers.'**

(Broad = चौड़ा)

**सूचना :** गद्यांश पढ़िए और नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

हमें ऐसे मित्रों की खोज में रहना चाहिए जिनमें हमसे अधिक आत्मबल हो । हमें उनका पल्ला उसी तरह पकड़ना चाहिए । जिस तरह सुग्रीव ने राम का पल्ला पकड़ा था । मित्र हों तो प्रतिष्ठित और शुद्ध हृदय के हों, मृदुल और पुरुषार्थी, शिष्ट और सत्यनिष्ठ हों, जिससे हम अपने को उनके भरोसे पर छोड़ सके और यह विश्वास कर सकें कि उनसे किसी प्रकार का धोखा नहीं होगा ।

12. यह गद्यांश किस निबन्ध से लिया गया है ? **(1)**

13. हमें कैसे मित्रों की खोज करनी चाहिए ? **(1)**

14. मित्रता के बारे में आपका मत जोड़कर एक विवरण तैयार कीजिए । **(3)**

15. इस गद्यांश का सारांश लिखिए । **(5)**

**सूचना :** कविता की पंक्तियाँ पढ़िए ।

कुछ भी बन, बस कायर मत बन ।
ठोकर मार । पटक मत माथा ।
तेरी राह रोकते पाहन ।
कुछ भी बन, बस कायर मत बन ।
ले - दे कर जीना, क्या जीना ?
कब तक गम के आँसू पीना ?
मानवता से सींचा तुझको,
बहा युगों तक पसीना ।
कुछ न करेगा ? किया करेगा -
रे मनुष्य - बस कातर क्रन्दन ?
कुछ भी बन, बस कायर मत बन ।

16. कविता के लिए एक शीर्षक लिखिए । (1)

17. कविता से क्या प्रेरणा मिलती है ? (2)

18. समानार्थी शब्द कवितांश से लिखिए । (2)

डरपोक, पत्थर

19. कविता गद्य रुप में लिखिए । (5)

सूचना : संख्या **20, 21** और **22** में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(2 x 10 = 20)**

20. अपने विद्यालय के वार्षिकोत्सव का वर्णन करते हुए विदेश में रहनेवाले अपने बड़े भाई को पत्र लिखिए ।

21. संकेत पढ़कर उसके आधार पर निबंध तैयार कीजिए ।

प्रस्तावना : प्रकृति जीवन दायिनी - वनों का महत्व - जल संतुलन में सहायक - जानवरों का आवास स्थल - प्रदूषण पर नियंत्रण - संरक्षण की आवश्यकता - उपसंहार

22. निम्न संकेतों की सहायता से क़हानी लिखिए ।

एक समुद्री डाकू - एक चट्टान के पास आया - वहाँ एक तख्त था - लिखा था - चट्टान खतरनाक है - मुसाफिरों को सावधान करने के लिए है - हँसी आयी - चट्टान पर गया - तख्त गिरा दिया - कुछ दिन बाद डाकू की नाव उस ओर आयी - चट्टान से टकरा गयी - डूब गयी - डाकू पछताया - पर क्या लाभ ?

(मुसाफिर - यात्री)